जबलपुर | मंगलवार । 9 जून 2026 । वर्ष 77 । अंक 136 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से



**5** फिलीपींस में भीषण भूकंप से आठ की मौत



**6** भारत में सुरक्षित मातृत्व की यात्रा तेज



**7** वाहनों की खुदरा बिक्री ने बनाया रिकॉर्ड



**8** एला ने जीता बर्मिंघम ओपन

# इंडिया गठबंधन में पांच मुद्दों पर हुई बात

**नई दिल्ली, 08 जून. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित इंडिया ब्लॉक की सातवीं बैठक में विपक्षी दलों ने आगामी राजनीतिक और संसदीय रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की. कांग्रेस की अगुवाई में हुई इस बैठक में 25 राजनीतिक दलों के 34 नेताओं ने भाग लिया.**



बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले तथा निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि पांच प्रमुख मुद्दों पर सभी दलों के बीच सहमति बनी है.

### इन 5 मुद्दों पर सहमति बनी

1. एसआईआर, मतदाता सूची में कथित हस्तक्षेप और चुनावों की निष्पक्षता जैसे मुद्दों पर चिंता जताई गई और इस संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने पर सहमति बनी, जिसे जल्द सौंपा जाएगा.
2. नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के कारण लाखों छात्रों के प्रभावित होने को लेकर शिक्षा मंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की गई.
3. देश की आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और अन्य जनहित मुद्दों पर केंद्र सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की गई.
4. इन सभी मुद्दों को लेकर इंडिया ब्लॉक के दल लगातार आवाज उठाने और जनहित विषयों को प्रमुखता से उठाने पर सहमत हुए.
5. यह भी तय हुआ कि इंडिया ब्लॉक के सभी घटक दल हर दो महीने में बैठक करेंगे, अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में होगी.

# टीएमसी के 20 सांसदों का एनडीए को समर्थन

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी भेजा

**20** बागी सांसद भूपेन्द्र यादव से मिले

**15** वर्षों के शासन के बाद पार्टी सत्ता से बाहर

**कोलकाता, 08 जून. लोकसभा में टीएमसी के 28 सांसद हैं जबकि जिनमें से अब 20-21 सांसद अलग हो गए हैं. बागी 20 सांसद सोमवार को भूपेन्द्र यादव से भी मिले. साथ ही उनके आवास पर बागी सांसदों की बैठक हुई. बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की भी बात सामने आ रही है.**

पूर्व टीएमसी नेता काकोली घोष ने दावा करते हुए कहा कि इन सभी 20 सांसदों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने का फैसला किया है और इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी भेजा गया है. वहीं इन सब के बीच शर्मिला सरकार ने बताया कि इन सब में हमारी मुख्य लीडर की भूमिका में काकोली घोष हैं जिनके संरक्षण में हम अपना अलग दल गठित करेंगे.

सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने टीएमसी की प्राथमिक सदस्यता तथा राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. सुखेंदु शेखर रॉय ने अपने इस्तीफे में कहा कि पश्चिम बंगाल में 15 वर्षों के शासन के बाद पार्टी को जनता ने सत्ता से बाहर कर दिया. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार और कानून-व्यवस्था सहित कई मुद्दों का उल्लेख करते हुए पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए.

### बागी टीएमसी सांसदों के नाम

1. काकोली घोष दस्तीदार
2. शताब्दी रॉय
3. पार्थ भौमिक
4. शर्मिला सरकार
5. अनूप चक्रवर्ती
6. अरूप चक्रवर्ती
7. असित कुमार मल
8. यूसुफ पठान
9. देव (दीपक अधिकारी)
10. रचना बनर्जी
11. जून मालिया

इनके अलावा प्रसून बनर्जी, खलीदुर रहमान और अबू ताहेर खान नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं.

# नीट री-एग्जाम के लिए एयरफोर्स संभालेगी पेपर ट्रांसपोर्टेशन

### 21 जून की परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट

**नई दिल्ली, 08 जून. 21 जून को आयोजित होने वाले नीट री-एग्जाम के लिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं. परीक्षा प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन के लिए भारतीय वायुसेना को जिम्मेदारी सौंपी गई है.**

रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, वायुसेना के विमान देशभर में निर्धारित 18 स्थानों तक प्रश्नपत्रों के पैकेट पहुंचाएंगे, जहां से उन्हें संबंधित परीक्षा केंद्रों तक भेजा जाएगा. अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रश्नपत्रों के परिवहन को अधिक सुरक्षित बनाना और किसी भी प्रकार की अनियमितता या सुरक्षा चूक की संभावना को न्यूनतम करना है. हालांकि इन 18 स्थानों की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है. नीट री-एग्जाम ऐसे समय आयोजित किया जा रहा है जब पूर्व परीक्षा को लेकर विवाद और प्रश्नपत्र लीक के आरोपों ने व्यापक चर्चा पैदा की थी.

# एचपीवी टीकाकरण में एमपी देश में आगे

**भोपाल, 8 जून. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर यह सिद्ध कर दिया है कि जनभागीदारी, स्वास्थ्य अमले की प्रतिबद्धता और प्रभावी नेतृत्व के बल पर बड़े से बड़े जनस्वास्थ्य अभियानों को समय से पहले सफल बनाया जा सकता है.**



7.63 लाख बालिकाओं का हुआ टीकाकरण

उन्होंने अभियान से जुड़े चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, शिक्षकों, जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सफलता के लिये बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेश की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाकर सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 28 फरवरी 2026 को देशव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया था. महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए इस विशेष अभियान में मध्यप्रदेश शीर्ष राज्यों में शामिल है. स्वास्थ्य अमले, सहयोगी विभागों की प्रतिबद्धता एवं सतत मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप प्रदेश में 7.63 लाख से अधिक पात्र बालिकाओं का सफलतापूर्वक एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है.

# परमाणु ताकत में पाकिस्तान से आगे भारत

- भारत के परमाणु जखीरे में बढ़ोतरी, पाक से बढ़ी बढ़त
- 190 परमाणु हथियारों के साथ भारत आगे




**नई दिल्ली, 8 जून. स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ईयरबुक 2026 में भारत की परमाणु और सैन्य क्षमता को लेकर महत्वपूर्ण आंकड़े सामने आए हैं.**

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 तक भारत के पास अनुमानित 190 परमाणु वॉरहेड्स मौजूद हैं, जबकि पाकिस्तान के पास इनकी संख्या 170 आंकी गई है. इस प्रकार भारत को अपने पड़ोसी देश पर लगभग 20 परमाणु वॉरहेड्स की बढ़त हासिल है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ने वर्ष 2025 के दौरान अपने परमाणु कार्यक्रमों के आधुनिकीकरण और विस्तार की दिशा में कार्य जारी रखा.

> सिपरी के अनुसार पिछले एक दशक में भारत ने लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणालियों के विकास और तैनाती पर विशेष ध्यान दिया है. रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि पाकिस्तान लगातार विखंडनीय सामग्री का भंडारण कर रहा है, जिससे भविष्य में उसके परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ सकती है. रक्षा खर्च के मामले में भी भारत दुनिया के प्रमुख देशों में शामिल बना हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में भारत का रक्षा बजट बढ़कर 92.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया.

# सहमति से बने संबंध चरित्र पर दाग नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## पुलिस भर्ती मामले में शीर्ष अदालत की टिप्पणी, कहा- हर रिश्ता शादी तक पहुंचे यह जरूरी नहीं

**नई दिल्ली, 08 जून. सुप्रीम कोर्ट ने एक पुलिस भर्ती से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि दो अविवाहित वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंधों को किसी व्यक्ति के चरित्र या नैतिकता के खिलाफ नहीं माना जा सकता.**



न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है जो दो वयस्कों को अपनी इच्छा से संबंध बनाने से रोकता हो. अदालत ने यह टिप्पणी तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड से जुड़े एक मामले में की, जहां एक उम्मीदवार की नियुक्ति उसके खिलाफ दर्ज पुराने आपराधिक मामले के आधार पर रद्द कर दी गई थी. उम्मीदवार पर वर्ष 2014 में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था. हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और मामला 2015 में लोक अदालत के समक्ष निपटा दिया गया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोक अदालत में समझौता होने का अर्थ यह नहीं है कि आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है. अदालत ने यह भी कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई प्रमाण नहीं है जिससे यह साबित हो कि शिकायतकर्ता पर समझौते के लिए दबाव डाला गया था.

### रिजल्ट रुकने पर सुको ने मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सऊदी अरब में रहने वाले कक्षा 12 के छात्र प्रांशु जिगरकुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय सीबीएसई और उसके दुबई स्थित क्षेत्रीय अधिकारी को नोटिस जारी किया. न्यायमूर्ति मनमोहन और बिश्नोई की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 जून को निर्धारित की है.

# पूर्व विधायक जहांगीर खान की सीमा पर गिरफ्तारी

**कोलकाता, 8 जून. पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक और फलता विधानसभा सीट से पूर्व उम्मीदवार जहांगीर खान को नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया है.**



पुलिस के अनुसार, जहांगीर खान देश छोड़कर नेपाल भागने की कोशिश में था, लेकिन एसटीएफ की सतर्कता और तकनीकी निगरानी ने उसकी योजना को विफल कर दिया. सूत्रों के मुताबिक, हालिया विधानसभा चुनावों के बाद से जहांगीर खान लापता चल रहा था और पुलिस को उसकी लगातार तलाश थी. उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, दंगा भड़काने सहित कई गंभीर आपराधिक मामलों में कुल सात केस दर्ज हैं.

# विजाग स्टील प्लांट में खौलता स्टील गिरने से 8 की मौत

**विशाखापट्टनम, 08 जून. विशाखापट्टनम के राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) स्टील प्लांट में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है.**



जानकारी के अनुसार, सोमवार को क्रेन की मदद से 1,600 डिग्री सेल्सियस तापमान वाला पिघला हुआ स्टील (मोल्टन आयरन) एक बकेट में ले जाया जा रहा था, तभी अचानक यह बकेट असंतुलित होकर नीचे गिर गया और वहां मौजूद श्रमिक इसकी चपेट में आ गए. हादसे में कम से कम 8 श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए. दुर्घटना के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए.

# विकसित भारत की नींव हुई मजबूत : मोदी

### गरीब कल्याण बना मानव सशक्तीकरण का माध्यम

**नई दिल्ली, 08 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में भारत में हुए परिवर्तन के केंद्र में गरीबों और वंचितों का कल्याण रहा है तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं ने गरीब कल्याण को मानव सशक्तीकरण के व्यापक अभियान में बदल दिया है.**



श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि उनकी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत से प्रेरित होकर काम कर रही है और उसका प्रयास यह सुनिश्चित करना रहा है कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो दशकों से उपेक्षित रहे हैं. उन्होंने कहा कि जन धन खाते, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को गरिमा और अवसर प्रदान करना है. प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. डीबीटी और डिजिटल मंचों के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लोगों तक पहुंच रही है, जिससे गड़बड़ियों में कमी आई है. इससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ी है और शासन व्यवस्था में जनता का विश्वास मजबूत हुआ है.

**प्रेस कांफ्रेंस** | अहिल्या नगरी इंदौर में 9 जून से ब्रिक्स कृषि महाकुंभ, 13 जून तक होगा वैश्विक मंथन

# छोटे किसानों और खाद्य सुरक्षा पर बनेगी साझा रणनीति

**इंदौर। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर 9 से 13 जून तक वैश्विक कृषि कूटनीति का केंद्र बनेगा। यहां ब्रिक्स (BRICS) कृषि कार्य समूह और सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इंदौर में 9 से 13 जून तक होने वाली ब्रिक्स कृषि बैठक में सदस्य देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ खाद्य सुरक्षा, सतत कृषि, जलवायु परिवर्तन, कृषि नवाचार और छोटे किसानों के सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर पांच दिनों तक मंथन करेंगे।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों के पास विश्व की लगभग 42 प्रतिशत कृषि भूमि और कृषि उत्पादन में भी इतनी ही हिस्सेदारी है, इसलिए यह बैठक वैश्विक कृषि नीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक का मुख्य फोकस लघु एवं सीमांत किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण पर रहेगा। 12 जून को महिलाओं और युवाओं के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। चर्चा में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, कृषि व्यापार, जलवायु-अनुकूल खेती, अनुसंधान और तकनीकी सहयोग जैसे विषय शामिल होंगे। जलवायु परिवर्तन को देखते हुए रीजेनेरेटिव फार्मिंग और क्लाइमेट-रेजिलिएंट एग्रीकल्चर पर विशेष जोर दिया जाएगा।



> शिवराज सिंह ने बताया कि भारत में कृषि क्षेत्र में डिजिटल बदलाव तेजी से हो रहा है और अब तक 9.80 करोड़ किसान आईडी बनाई जा चुकी हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों की सहायता में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत 9 से 11 जून तक अधिकारी स्तर की बैठकें और 12-13 जून को कृषि मंत्रियों की बैठक होगी।

# अफगानिस्तान पर भारत की टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत

**मुल्लांपुर, 08 जून। भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मैच में पारी और 300 रन से हराकर अपने टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। तीसरे दिन ही समाप्त हुए मुकाबले में भारतीय स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फॉलोऑन खेल रही अफगानिस्तान की टीम को दूसरी पारी में मात्र 112 रन पर समेट दिया।**



इससे पहले अफगानिस्तान पहली पारी में 152 रन पर आउट हुई थी, जबकि भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी और 412 रन की विशाल बढ़त हासिल की थी। भारत की ऐतिहासिक जीत के नायक पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार रहे, जिन्होंने मैच में कुल सात विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी। पहली पारी में उनके छह विकेटों ने अफगानिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

(विस्तृत खबर खेल पेज पर)

### एक नजर में



**ऑनलाइन गेमिंग में युवक ने उजाड़ दिया अपना घर**

**कोप्पल (कर्नाटक).** कर्नाटक के कोप्पल जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस के अनुसार, 18 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर अपने माता-पिता और बहन पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि युवक लंबे समय से ऑनलाइन गेमिंग का आदी था और इसी बात को लेकर परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था. बताया जा रहा है कि परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए माता-पिता बेटे को पढ़ाई पर ध्यान देने और ऑनलाइन गेमिंग से दूरी बनाने की सलाह दे रहे थे.

**आयुष्मान भारत योजना में शामिल हुआ पश्चिम बंगाल**

**नई दिल्ली.** आयुष्मान भारत योजना को लेकर केंद्र सरकार के साथ लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक गतिरोध को खत्म करते हुए पश्चिम बंगाल की नयी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाली सरकार ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर इस योजना में शामिल होने का फैसला किया. इसके साथ ही पश्चिम बंगाल इस योजना को लागू करने वाला देश का आखिरी राज्य बन गया है. योजना को लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के बीच नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

**जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की**

**कोंडागांव.** छत्तीसगढ़ में कोंडागांव जिले के उरंदाबेड़ा थाना के सीएफ कैंप में सोमवार को एक जवान ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जोगेंद्र नेताम निवासी बड़ेडोगर भैसाबेडा के रूप में हुई है। घटना ड्यूटी के दौरान हुई, जिसके बाद पुलिस ने जवान को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा घटना की सूचना मिलते ही शाम करीब पांच बजे मर्च्युरी पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की।

**बारामूला में महिला पर लगा पीएसए**

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में एक महिला को गैर-कानूनी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप में कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि बारामूला पुलिस ने बारामूला के शीरी की रहने वाली हसीना बेगम के खिलाफ पीएसए के तहत नजरबंदी वारंट तामील किया है.

### गुस्ताखी माफ

